भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2308
13 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

दिल्ली में मलिन बस्तियों और जेजे क्लस्टर का सर्वेक्षण

2308. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः
श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतरावः
श्री सुधीर गुप्ताः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार/दिल्ली विकास प्राधिकरण (दि.वि.प्रा.) का प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत दिल्ली में मलिन बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ी (जेजे) क्लस्टरों के परिवारों को यथास्थान पुनर्वास प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त प्रयोजनार्थ दिल्ली में मलिन बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टरों में घरों का सर्वेक्षण करने के लिए एजेंसियों की सेवाएं लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है;

(ग) यदि हां, तो ऐसी एजेंसियों के नाम सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त सर्वेक्षण कराने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने उन मलिन बस्तियों और झुग्गी झोपड़ी (जेजे) क्लस्टरों की पहचान की है जिनमें प्रारंभिक चरण में कार्य शुरू होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) उक्त परियोजना पर कुल कितना व्यय होने की संभावना है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (च): डीडीए ने सूचित किया है कि वह "दिल्ली में पीपीपी मोड पर स्व-स्थाने स्लम पुनर्विकास/पुनर्वास" के अंतर्गत जे जे क्लस्टरों के स्व-स्थाने पुनर्वास और पुनर्विकास को कार्यान्वित कर रहा है। इस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, कुल 376 जे जे क्लस्टरों में से, डीडीए ने घरेलू आंकड़ों को अद्यतन करने और भूमि को एक संसाधन के रूप में उपयोग करके पीपीपी मोड पर आईएसएसआर परियोजनाओं के लिए व्यवहार्य जे जे क्लस्टरों की

पहचान करने के लिए डीडीए और एल एंड डीओ भूमि पर अवस्थित 210 जे जे क्लस्टरों का सर्वेक्षण किया है। यह सर्वेक्षण मेसर्स सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस नामक एजेंसी के माध्यम से किया गया था। शेष 166 जे जे क्लस्टरों के लिए सर्वेक्षण एजेंसियों के पैनल के लिए अनुरोध जारी किया गया है। सर्वेक्षण के परिणामों और एमपीडी मानदंडों के आधार पर, भूमि को एक संसाधन के रूप में उपयोग करके पीपीपी मोड पर पुनर्वास परियोजनाओं को शुरू करने के लिए डीडीए व्यवहार्य जेजे क्लस्टर का चयन करेगा, जिसमें सफल बोलीदाता अर्थात् पीपीपी भागीदार पुनर्वास के साथ-साथ पारिश्रमिक घटकों के लिए भी निवेश करेगा।

****